# धौलपुर में पचास हजार रुपये की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

## कृषि भूमि के म्यूटेशन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के बदले पटवारी ने 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी

**धौलपुर, (निसं)।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने एक और सख्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। कृषि भूमि के म्यूटेशन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के बदले 50 हजार रुपये की अवैध राशि मांगने वाले एक पटवारी को टीम ने रंगे हाथों दबोच लिया। गिरफ्तारी के साथ ही उसके कब्जे से पूरी रिश्वत राशि बरामद कर ली गई।

जानकारी के अनुसार मामला उस समय सामने आया जब एक परिवादी ने एसीबी धौलपुर चौकी में शिकायत दर्ज कराई कि संबंधित पटवारी वीरेंद्र शर्मा जमीन के म्यूटेशन का रिकॉर्ड खोलने के लिए 50 हजार रुपये की मांग कर रहा है। परिवादी का आरोप था कि बिना रकम दिए फाइल आगे बढ़ाने से साफ मना कर दिया गया। शिकायत मिलने के बाद एसीबी के डीएसपी ज्ञानचंद मीणा के नेतृत्व में टीम ने प्राथमिक जांच और सत्यापन किया। शिकायत सही पाए जाने पर अधिकारियों ने ट्रैप की रणनीति तैयार की। तय योजना के तहत परिवादी को आरोपी के पास भेजा गया। जैसे ही आरोपी ने रिश्वत की रकम अपने हाथ में ली, पहले से सतर्क एसीबी टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 50 हजार रुपये नकद बरामद हुए। कार्रवाई के दौरान एसीबी टीम ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और साक्ष्य एकत्र किए।



आरोपी पटवारी वीरेंद्र शर्मा।

- **वीरेंद्र शर्मा बसई सांमता क्षेत्र में पटवारी के पद पर कार्यरत है, वह धौलपुर शहर में किराए के मकान में निवास कर रहा था**

जानकारी के अनुसार वीरेंद्र शर्मा बसई सांमता क्षेत्र में पटवारी के पद पर कार्यरत था। वह धौलपुर शहर के कायस्थपाड़ा मोहल्ले में किराए के मकान में निवास कर रहा था। एसीबी टीम ने उसी स्थान पर दबिश देकर गिरफ्तारी की, जिससे इलाके में हलचल मच गई।

एसीबी अधिकारियों ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और यह भी जांच की जा रही है कि कहीं उसने अन्य मामलों में भी इसी तरह की अवैध वसूली तो नहीं की। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

एसीबी ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी सरकारी कर्मचारी द्वारा कार्य के बदले रिश्वत की मांग की जाती है, तो तुरंत इसकी सूचना विभाग को दें, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

## हादसे में पांच महिलायें घायल

**डूंगरपुर, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के देवल गांव में एक बाइक ऑटो से जा टकराई, जिसके बाद ऑटो पलट गया। हादसे में ऑटो सवार एक ही परिवार की पांच महिलाएं घायल हो गई। घायलों को डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सभी महिलाएं शोक कार्यक्रम में भाग लेने जा रही थी।

सदर थाने के एएसआई ने बताया कि थाना क्षेत्र के छैला खेरवाड़ा निवासी एक ही परिवार के लोग ऑटो में सवार होकर देवल एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए निकले थे। इस दौरान डूंगरपुर-खेरवाड़ा मार्ग पर देवल गांव के पास ऑटो से एक बाइक आकर टकरा गई, टक्कर के बाद ऑटो पलट गया। घायलों को डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। हादसे में ऑटो सवार छैला खेरवाड़ा निवासी मणि देवी पत्नी मणिलाल,नैना पत्नी जीवा, लसु पत्नी जीवा, बदी पत्नी देवा और जय शांता पत्नी राजेश घायल हो गए।

# रेलवे सुरक्षा बल ने अवैध ई-टिकट कारोबार का पर्दाफाश किया

- **एक आरोपी गिरफ्तार, 84 उपयोग किए गए ई-टिकटों का खुलासा हुआ**
- **एक आरक्षक को बोगस ग्राहक बनाकर ई-मित्र की दुकान पर भेजकर कार्रवाई की**

**कोटा, (निसं)।** रेलवे सुरक्षा बल टीम ने अवैध ई-टिकट कारोबार का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उक्त कार्रवाई मंडल में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन उपलब्ध" के अंतर्गत की गई है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि देवली मांझी, कोटा स्थित पवन ई-मित्र की दुकान पर अवैध रूप से ई-टिकटों का व्यापार किये जाने की सूचना मिली, सूचना के सत्यापन हेतु उप निरीक्षक सुमित रघुवंशी एवं उप निरीक्षक सूरजसिंह परमार द्वारा एक आरक्षक को बोगस ग्राहक बनाकर उक्त दुकान पर भेजा गया। जांच के दौरान दुकान पर कार्यरत कर्मचारी द्वारा अपनी निजी यूजर आईडी के माध्यम से दो रेल आरक्षित ई-टिकट तैयार किए गए तथा प्रति टिकट 50 रुपये अतिरिक्त कमीशन लिया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने बताया कि सत्यापन उपरांत टीम द्वारा दुकान पर पहुंचकर संबंधित व्यक्ति से पूछताछ की गई।

पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह अपनी निजी यूजर आईडी से टिकट तैयार कर अतिरिक्त राशि वसूलता था तथा उसके पास कोई वैध अधिकृत एजेंट आईडी नहीं थी। मामले को रेल अधिनियम की धारा 143 का उल्लंघन पाए जाने पर शुभम धाकड़ (22) निवासी कोटा के विरुद्ध कार्रवाई की गई। उसके कब्जे से 375 रुपये मूल्य के दो आरक्षित ई-टिकट तथा टिकट बनाने में प्रयुक्त कंप्यूटर सिस्टम जब्त किया गया। सायबर सेल भोपाल से प्राप्त डाटा के अनुसार उक्त यूजर आईडी से 84 उपयोग किए गए ई-टिकट बनाए गए, जिनकी अनुमानित कीमत 20,061 रुपये पाई गई। इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी गई है।

# प्रधानमंत्री की जनसभा की तैयारियों को लेकर मदन राठौड़ अजमेर पहुंचे

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की समीक्षा की

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर में 28 फरवरी को प्रस्तावित प्रधानमंत्री की विशाल जनसभा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ बुधवार को अजमेर पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के साथ अलग-अलग बैठकों में भाग लेकर कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की।

बैठकों के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जनसभा स्थल, भीड़ प्रबंधन, परिवहन व्यवस्था, पार्किंग, मंच संचालन और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस जनसभा के दौरान प्रदेश को कई विकास कार्यों की सौगात देंगे**

कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए मदन राठौड़ ने कहा कि यह जनसभा ऐतिहासिक होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ बताया कि सभा में करीब दो लाख से अधिक लोगों के पहुंचने की संभावना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जनसभा से जोड़ें और प्रत्येक बूथ स्तर तक संपर्क कर कार्यक्रम को भव्य बनाएं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह जनसभा अब तक की सबसे बड़ी सभाओं में से एक साबित होगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस जनसभा के दौरान प्रदेश को कई विकास कार्यों की सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री द्वारा कई नई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया जाएगा।

इन परियोजनाओं से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजन में प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर भारी उत्साह है। सभी कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन राजस्थान के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा और प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायक बनेगा।

पत्रकारों द्वारा यूजीसी से जुड़े मामले में पूछे गए सवाल पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि यह मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए इस पर टिप्पणी करना उचित नहीं है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने देगी और न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# जोधपुर-बेंगलुरु एक्सप्रेस आज से नए नंबरों से चलेगी

**जोधपुर, (कासं)।** सुपरफास्ट श्रेणी में क्रमोन्नत किए जाने के बाद जोधपुर-बेंगलुरु द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस अब नए नंबरों के साथ संचालित होगी। गुरुवार 26 फरवरी से यह ट्रेन जोधपुर से नए सुपरफास्ट नंबर के साथ रवाना होगी, जबकि सोमवार को बेंगलुरु से प्रस्थान करने वाली ट्रेन भी परिवर्तित नंबर के साथ बुधवार को जोधपुर पहुंच चुकी है।

उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम हितेश यादव ने बताया कि रेल प्रशासन द्वारा ट्रेन संख्या 16507/ 16508 जोधपुर-बेंगलुरु द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस के नंबरों में बदलाव किया गया है। इसके तहत ट्रेन संख्या 16507 जोधपुर-बेंगलुरु एक्सप्रेस अब 26 फरवरी गुरुवार से नए सुपरफास्ट नंबर 20693 के साथ संचालित की जाएगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 16508 बेंगलुरु-जोधपुर एक्सप्रेस का नंबर भी बदलकर 20694 कर दिया गया है। यह महत्वपूर्ण लंबी दूरी की रेल सेवा जोधपुर से सप्ताह में दो दिन गुरुवार और शनिवार को तथा बेंगलुरु से सोमवार और बुधवार को संचालित होती है। यह ट्रेन राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों से होकर गुजरती है, जिससे बड़ी संख्या में यात्रियों को आवागमन की सुविधा मिलती है।

## उदयपुर में युवक ने आत्महत्या की

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में युवक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वैशाली बिहार हॉल एकलव्य कॉलोनी अम्बामाता निवासी अच्छेलाल पुत्र रामधार ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। इसका पता चलने पर हैड कांस्टेबल सज्जनसिंह, विनोद ने मौके पर पहुंचकर उसे फंदे से उतार चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बूंदी में नाबालिग का विवाह रुकवाया

**बूंदी, (निसं)।** जिला प्रशासन द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह की रोकथाम एवं बालिकाओं के संरक्षण हेतु निरंतर प्रभावी कार्रवाई जारी है। बाल कल्याण समिति द्वारा करवर मे एक नाबालिग बालिका का विवाह रूकवाकर उसके माता -पिता को पाबंद करवाया गया है।

बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सीमा पोद्दार ने बताया कि 13 फरवरी को एक 16 वर्षीय बालिका कोटा ग्रामीण क्षेत्र से एक युवक के साथ पलायन कर गई थी। बालिका विभिन्न स्थानों पर, विशेषकर जयपुर में युवक के रिश्तेदारों के यहां रही, जहां रिश्तेदारों द्वारा बालिका के पिता को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराने हेतु प्रेरित किया गया। इसी दौरान युवक के परिजनों द्वारा 24 फरवरी को करवर थाना क्षेत्र में बालिका का बाल विवाह तय कर लिया गया था। दोनों ने 14 फरवरी को कोटा में तथाकथित लिव-इन रिलेशनशिप के नाम पर स्टांप पेपर तैयार करवाया और मंदिर में माला पहनाकर विवाह संपन्न होना दर्शाया। साथ ही बालिका के आधार कार्ड में जन्मतिथि में भी अनियमित रूप से परिवर्तन करवाकर उसे बालिग कर लिया। प्रकरण की सूचना मिलने पर बाल कल्याण समिति, चाइल्डलाइन 1098, उपखंड अधिकारी द्वारा त्वरित संज्ञान लिया। संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर बैंड-बाजा, डीजे, मंदिर परिसर, हलवाई/कैटरिंग आदि से संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए गए।

सीमा पोद्दार ने बताया कि 24 फरवरी को जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति एवं चाइल्डलाइन की टीम द्वारा पूरे दिन निगरानी, रेकी करने के बाद शाम पांच बजे बालिका को एक मकान से सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार बालिका को राजकीय बालिका गृह में सुरक्षित प्रवेश कराया गया। कुछ लोगो को बाल विवाह की जानकारी होने के बावजूद भी विवाह रूकवाने में किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं किया गया। ऐसे लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई अमल में लानी चाहिए। बाल कल्याण समिति ने डीजे मालिक, हलवाई, टेन्ट वाले और बालिका के परिजन के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है।

## अजमेर में मोबाइल टावरों से लाखों का सामान चोरी

**अजमेर, (कासं)।** जिले में मोबाइल टावरों से चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। जिलेभर में लगे इण्डस कंपनी के टावरों को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने आईआरआरयू सहित केबल और अन्य महत्वपूर्ण उपकरण चोरी कर लिए। चोरी गए सामान की कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। इस घटना के बाद कंपनी प्रबंधन में हड़कंप मच गया है।

इण्डस कंपनी के एरिया सुपरवाइजर वीरेंद्र सिंह ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में बताया गया है कि रामगंज क्षेत्र के दौराई सहित कृष्ण गंज थाना क्षेत्र के वैशाली नगर सहित अलवरगेट के नाका मदार में लगे कंपनी के कई मोबाइल टावरों से अज्ञात चोर आईआरआरयू और केबल सहित अन्य तकनीकी सामान चोरी कर ले गए। चोरों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया, जिससे कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। सुपरवाइजर के अनुसार टावरों में लगी आईआरआरयू व केबलें काफी महंगी होती हैं और इनके चोरी होने से नेटवर्क संचालन पर भी असर पड़ सकता है।

# अवैध कैसिनो का भंडाफोड़, 2.88 करोड़ का हिसाब बरामद

## मौके से अवैध रूप से संचालित 12 कैसिनो मशीनें और अन्य सट्टा सामग्री जब्त की

**बालोतरा, (निसं)।** जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में जिला पुलिस अधीक्षक रमेश कुमार के निर्देशन में बालोतरा पुलिस ने न्यू रोडवेज बस स्टैंड के पास चल रहे एक हाई प्रोफाइल जुआ सट्टे के ठिकाने पर छापेमारी की है। पुलिस ने मौके से 12 कैसिनो मशीनें और करोड़ों रुपयों के लेन-देन का हिसाब-किताब बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस कार्रवाई में पुलिस ने मौके से एक डायरी बरामद की है, जिसमें जुआरियों द्वारा लगाई गई 2,88,22,250 रुपये (करीब 2.88 करोड़) की राशि का विवरण मिला है। इसके साथ ही जुआ आश्याय (मुनाफा) के रूप में 76,56,250 रुपये के हिसाब-किताब का भी खुलासा हुआ है। जानकारी के अनुसार वृत्ताधिकारी बालोतरा अनिल पुरोहित को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि न्यू रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित माईलुक हेयर सैलून के बेसमेंट में अवैध कैसिनो संचालित किया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरफुल सिंह के सुपरविजन में टीम ने जब पालिका बाजार के उक्त बेसमेंट में दबिश दी, तो वहाँ का नजारा देख पुलिस भी दंग रह गई। कमरे के भीतर से अवैध रूप से संचालित 12 कैसिनो मशीनें और अन्य सट्टा सामग्री जब्त की गई। इस अवैध कारोबार को गोविन्दसिंह, हड़मतसिंह और हीरालाल द्वारा संचालित किया जा रहा था।

**मोबाइल चुराने वाला गिरफ्तार :** -उदयपुर में दुकान से मोबाइल चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार उसके कब्जे से चोरी किया मोबाइल बरामद किया है।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित जितेन्द्र सचदेवा पुत्र रतनलाल निवासी एकलिंगपुरा मंगलमूर्ति अपार्टमेंट हिरणमगरी ने प्रतापनगर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। उसने बताया कि मेरी नवरतन होजरी ओल्ड आरटीओं रोड़ कोर्नर पर दुकान है। 21 फरवरी को आरोपी दुकान पर रूमाल खरीदने आया तथा इस दौरान कांउटर पर रखा मोबाइल चुरा ले गया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर प्रतापनगर थानाधिकारी पूरणसिंह के नेतृत्व में अनुसंधान अधिकारी हेडकांस्टेबल मोहनसिंह ने मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर आईटीआई के पिछे मोरमगरी सिटी कोतवाली चित्तौड़गढ़ निवासी गौरव पुत्र सत्यनारायण कुमावत को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी किया मोबाइल बरामद किया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PHED PROJ. DIVISION KARAULI HQ TODABHIM**

(email: eecsnpkaroli@gmail.com)

Sr. 7207-15 **NOTICE ENVITING BID** Date: 16/02/2026

Bid for various work in Proj Division Karauli is invited from interested bidder up to 25.02.2026 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal sppp.raj.nic.in of the state.

NIB CODE: PHE 2526A6606

**1. NIT NO.: 145/2025-26 - UBN- PHE2526WSOB14270**

Executive Engineer
Public Health Engineering Department
proj. Division Karauli HQ Todabhim

DIPR/C/3651/2026

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV. BARAN**

क्रमांक- 2129 दिनांक 16.02.2026

**Notice Inviting Bid No. 23/2025-26**

Bid for "Building Repair work" NIT No. 23/2025-26 are invited from interested bidders up to 6.00 PM on 05.03.2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in., http://sppp.raj.nic.in) of the state departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 121.05 Lac

**UBN NO. 1. PWD2526WSOB23388, 2. PWD2526WSOB23389, 3. PWD2526WSOB23390**

(B.L. Mahawar)
Executive Engineer
PWD Division Baran

DIPR/C/3668/2026

**OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER, WATERSHED DEVELOPMENT & SOIL CONSERVATION, PANCHAYAT SAMITI, BARI (DISTT.DHOLPUR)**

File No. 935 **NOTICE INVITING BID** Date: 17.02.2026

NIT NO. 11/2025-26
NIB NO. WSC2526A1723 YEAR 2025-26

Bids for Construction of NRM works-Construction of Talai & PT Works of total estimated value INR 32.50 lacs under MJSA-2.2 Block Sarmathura Distt. Dholpur are invited from interested bidders up to Date 27.02.2026 time at 06.00 PM Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/)

UBN- WSC2526WSOB02972

(Prem Prakash Marmit)
EXECUTIVE ENGINEER
WATERSHED DEVELOMENT & SOIL CONSERVATION
P.S. BARI (DISTT DHOLPUR)

DIPR/C/3878/2026


## "वायु शक्ति-2026" की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई

**जैसलमेर, (निसं)।** पाकिस्तान बॉर्डर के पास जैसलमेर के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायुसेना के युद्ध अभ्यास "वायु शक्ति- 2026" की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई।

- **सुखोई ने दुश्मन के ठिकानों को टारगेट करते हुए 44 बम बरसाए**

सबसे पहले सुखोई-30 ने दुश्मन के रनवे और ठिकानों को तबाह किया। सुखोई ने दुश्मन के ठिकानों को टारगेट करते हुए 44 बम बरसाए। मिग-29 फाइटर जेट ने टैंकों का काफिला ध्वस्त किया। जैसे ही बम दुश्मनों के टारगेट पर गिरे, धूल का गुबार बन गया। वॉर जोन में आकाश मिसाइल ने टारगेट को हवा में ही उड़ा दिया। इसके साथ ही पहली बार सी-130 विमान रात में रनवे पर उतरा। गरुड़ कमांडो को लेकर वापस आया। इसके साथ ही ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट-295 एयरक्राफ्ट एसॉल्ट लैंडिंग की। वॉर जोन में प्रचंड हेलिकॉप्टर भी उतरे। आसमान में दो जगुआर ने सुदर्शन फॉर्मेशन दिखाकर टारगेट एरिया को अप्रोच किया। इस दौरान पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में ऑपरेशन सिंदूर की सर्जिकल स्ट्राइक को समझाया गया।

# भीलवाड़ा में खाद्य सुरक्षा टीम ने 45 किलो अवधिपार सामग्री नष्ट करवाई

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिला कलैक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में होली के त्योहारी सीजन को देखते हुए आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को जिले के तीन अलग-अलग स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान जिले में तीन स्थानों पर विभिन्न खाद्य सामग्री के नमूने लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए अजमेर भिजवाए गए तथा मौके पर 45 किलोग्राम अवधिपार खाद्य सामग्री नष्ट करवाई गई।

टीम ने मैसर्स भवानी, जोधपुर स्वीट, त्रिवेणी चौराहा, माण्डलगढ़ से बर्फी का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला, अजमेर भेजा गया। मैसर्स भगवान ट्रेडर्स, बस स्टैण्ड रोड, माण्डलगढ़ से कच्ची घानी सरसों तेल (ट्रेन मार्का) का सैम्पल लिया गया। साथ ही 40 किलोग्राम विविध अवधिपार खाद्य सामग्री को मौके पर नष्ट करवाया गया। नमोकार ट्रेडर्स, पुराना हॉस्पीटल रोड, बीगोद से लाल मिर्च का नमूना जांच हेतु भेजा गया तथा 5 किलोग्राम अवधिपार चॉकलेट मौके पर नष्ट करवाई गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने



खाद्य सुरक्षा टीम दुकानों से सैम्पल लिये।

बताया कि त्योहारी सीजन में आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ विभाग की सख्त निगरानी जारी है। सभी नमूनों को प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव, प्रशिक्षु खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजवीर सिंह चारण, अंकित शर्मा, फहद खान एवं डॉ. गोवर्धन लाल कुम्हार, पवन कुमार उपस्थित रहे। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने आमजन से अपील की है कि खाद्य सामग्री खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, पैकेजिंग एवं निर्माण/समाप्ति तिथि की जांच अवश्य करें।

**अनियमिता बरतने पर नौ दवा विक्रेता फर्म के विरूद्ध कार्रवाई :** अलवर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण कार्यालय द्वारा दवा विक्रेताओं की फर्म के निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं एवं फर्म द्वारा प्रस्तुत जवाब के आधार पर नौ दवा विक्रेताओं पर निलम्बन की कार्रवाई की गई है।

सहायक औषधि नियंत्रक महेन्द्र जूनवाल ने बताया कि अलवर में मैनगेट 200 फुट रोड बायपास वार्ड नं. 40 स्थित मैसर्स मेवात जिंदल टाउनशिप के विरूद्ध सात दिवस के निलंबन की कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार गोविन्दगढ़ तहसील में बस स्टैण्ड सैनी मोहल्ला न्याना स्थित मैसर्स उत्कर्ष मेडिकल स्टोर के विरूद्ध आठ दिवस, कुण्ड बाजार ईदगाह मार्केट गोविन्दगढ़ स्थित मैसर्स इजा मेडिकल स्टोर के विरूद्ध सात दिवस, थानागाजी में नियर बाय बगीची स्थित मैसर्स महेश मेडिकल्स के विरूद्ध छह दिवस, बानसूर तहसील में गांव दातली पहाडी स्थित मैसर्स आर.जी मेडिकल के विरूद्ध दस दिवस, बायपास रोड बानसूर स्थित मैसर्स श्री कृष्णा मेडिकोज के विरूद्ध पांच दिवस, बानसूर के बिलाली स्थित मैसर्स श्याम मेडिकोज के विरूद्ध छह दिवस, बानसूर तहसील में बस स्टैण्ड गिरूडी स्थित मैसर्स बालाजी मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर के विरूद्ध दस दिवस, कोटकासिम तहसील के गांव हरसोली स्थित मैसर्स अनामिका मेडिकल स्टोर के विरूद्ध साठ दिवस के निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## करंट से एक भाई की मौत, दूसरा बेहोश

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** उमरी गांव में कुएं से मोटर निकालते समय अचानक करंट प्रवाहित होने से दो सगे भाई संतुलन खो बैठे और कुएं में गिर गए। इस घटना में बड़े भाई ओमप्रकाश बंजारा की मौत हो गई, जबकि छोटा भाई मानसिंह बंजारा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार उमरी निवासी मानसिंह बंजारा और उनके भाई ओमप्रकाश बंजारा पुत्र सूरज बंजारा अपने खेत पर लगे कुएं से मोटर निकाल रहे थे। इसी दौरान मोटर से अचानक करंट दौड़ गया। तेज झटके से दोनों भाइयों का संतुलन बिगड़ गया और वे सीधे कुएं में जा गिरे। घटना होते ही खेत पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और काफी मशक्कत के बाद दोनों भाइयों को कुएं से बाहर निकाला। गंभीर हालत में उन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल गंगापुर सिटी पहुंचाया गया। अस्पताल में जांच के बाद चिकित्सकों ने ओमप्रकाश बंजारा को मृत घोषित कर दिया। मानसिंह बंजारा की हालत गंभीर बताई गई और उन्हें बेहतर इलाज के लिए जयपुर रेफर किया गया। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची। पुलिस ने मृतक ओमप्रकाश बंजारा के शव को मॉर्च्युरी में रखवाकर पोस्टमॉर्टम कराया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION BASERI**

File No. 1980-87 Date: 20.02.2026

**Notice Inviting Bid**

**NIB CODE PWD2526A5817, UBN CODE PWD2526WSOB23942**

Bids For NIT No 26/2025-26 patch repaid Work of PWD Division Baseri of subject matter(s) of Procurement are Invited from interested bidders date 21.02.2026 09.00 AM to Date 27.02.2026 upto 12.00 Noon. Other particulars of the id may be visited on the procurement portel (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppps.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website. The approximate value of the procuremant is Rs. 20.00 Lacs

(Deepu Singh)
Executive Engineer
PWD Division Baseri

DIPR/C/4168/2026

**कार्यालय अधीक्षक केन्द्रीय कारागृह, बीकानेर**

क्रमांक-कारा/राशन/2026/789 दिनांक-13.02.2023

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए केन्द्रीय कारागृह बीकानेर मण्डल के अधीन समस्त केन्द्रीय/जिला कारागृह एवं अधीनस्थ उपकारागृह, महिला बंदी सुधार गृह बीकानेर में निरूद्ध बंदियों की भोजन व्यवस्था हेतु ऋतु वर्गीकरण अनुसार हरी सब्जियां एवं अन्य सामग्री आपर्ति अनुमानित राशि 93.80 लाख हेतु ई-निविदा क्रमांक 773-781 दिनांक 06.03.2026 समय 06.00 पी.एम. बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण http://www.eproc.rajasthan.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://www.rajprisons.nic.in अथवा राजस्थान सरकार के राज्य लोक उपापन पोर्टल वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

**NIB- JLD2526A0185, UBN- JLD2526GLRC00201**

अधीक्षक
केन्द्रीय कारागृह बीकानेर

DIPR/C/3747/2026

राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कोटा (राज.)**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, दादाबाडी परिसर, सरकारी आवास ए-1, कोटा (राज.)

फोन-0744-2461550 Email: eemhkota@ymail.com, ee-mh-kota@gov.in

क्रमांक- 896 दिनांक-16.02.2026

**निविदा सूचना संख्या- 19/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत राज्य विभिन्न चिकित्सालयों पर रू. 259.154 लाख के 11 सिविल कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट पर www.dipronline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेबसाईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN NO. 1. (NRH2526WSOB02423) 2. (NRH2526WSOB02424) 3.(NRH2526WSOB02425) 4. (NRH2526WSOB02426) 5. (NRH2526WSOB02427) 6. (NRH2526WSOB02428) 7. (NRH2526WSOB02429) 8. (NRH2526WSOB02430) 9. (NRH2526WSOB02431) 10. (NRH2526WSOB02432) 11. (NRH2526WSOB02433)

अधिशाषी अभियंता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कोटा

DIPR/C/3677/2026